# जयपुर से गूंजेगा बदलाव का संकल्प

## साझेदारी से कृषि में नए युग की हो रही है शुरुआत : शिवराज

**नई दिल्ली, 1 अप्रैल. भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर पूरे देश में क्षेत्रवार जोनल कांफ्रेंस की व्यापक श्रृंखला शुरू की जा रही है.**

जिसके तहत अप्रैल-मई 2026 में पश्चिम, उत्तर, पूर्व सहित सभी प्रमुख जोन में उच्चस्तरीय विचार-विमर्श होगा। इन सम्मेलनों में केंद्र और राज्यों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक, प्रगतिशील किसान, किसान संगठन, एफपीओ, स्टार्टअप और निजी क्षेत्र एक साथ बैठकर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे और जमीन से जुड़े अनुभवों के आधार पर आगे की कार्ययोजना तय करेंगे.



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि पश्चिमी क्षेत्र का पहला जोनल सम्मेलन 7 अप्रैल 2026 को जयपुर में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा के प्रतिनिधि भाग लेंगे. इसमें राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा सहित संबद्ध राज्यों के कृषि मंत्री और सभी वरिष्ठ कृषि अधिकारी शामिल होंगे.

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि इन जोनल कॉन्फ्रेंसों का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय को और मजबूत करना तथा स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप केंद्रीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है, इन बैठकों में आत्मनिर्भर दलहन मिशन, राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन, प्राकृतिक खेती मिशन, डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन जैसी प्राथमिकताओं पर विस्तृत चर्चा होगी और बाधाओं की पहचान कर समाधान तय किए जाएंगे.

## इराक में अमेरिकी महिला पत्रकार अगवा

**वाशिंगटन.** पश्चिमी एशिया में जारी संघर्ष के बीच एक अमेरिकी महिला पत्रकार को इराक में अगवा कर लिया गया है. फिलहाल उनकी स्थिति और ठिकाने के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है. इंटरनेशनल विमेन मीडिया फाउंडेशन ने बुधवार को एक बयान जारी कर जानकारी दी है कि अमेरिकी फ्रीलांस पत्रकार शेली किटल्सन को मंगलवार को अगवा कर लिया गया. फिलहाल उनकी हालत और ठिकाने के बारे में कोई जानकारी नहीं है. आईडब्ल्यूएमएफ ने इस घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए सुश्री किटल्सन को तुरंत खोजने और रिहा करने का आह्वान किया है.

# अमूल्य योगदान दे रहा है सिद्धगंगा मठ : मुर्मु

- जन्मदिन समारोह और गुरुवंदना महोत्सव में भाग लिया

**नई दिल्ली 1 अप्रैल. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को कर्नाटक के तुमकुरु स्थित श्री सिद्धगंगा मठ में डॉ. शिवकुमार महास्वामीजी के 119वें जन्मदिन समारोह और गुरुवंदना महोत्सव में भाग लिया और कहा कि समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों और ग्रामीण क्षेत्रों के वंचित छात्रों को शिक्षा प्रदान करके यह मठ समावेशी समाज के निर्माण में अमूल्य योगदान दे रहा है.**

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्री शिवकुमार स्वामीजी जैसे संत समाज और राष्ट्र की आत्मा के साक्षात स्वरूप हैं। उन्होंने का कि यद्यपि स्वामी जी का भौतिक शरीर



2019 में परम सत्ता में विलीन हो गया, फिर भी उनकी आध्यात्मिकता की धारा समाज और देश दोनों को सदा पोषित और संरक्षित करती रहेगी। उन्होंने अपने आध्यात्मिक कार्यों से मानवता को समृद्ध किया। निर्धनों और वंचितों की सेवा के प्रति समर्पित उनका जीवन कल्याणकारी कार्यों के माध्यम से आध्यात्मिकता को अभिव्यक्त करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। श्रीमती मुर्मु ने स्वामीजी के नेक कार्यों की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए श्री सिद्धगंगा मठ की सराहना की.

मठ ने प्राथमिक विद्यालय स्तर से लेकर इंजीनियरिंग और प्रबंधन में उच्च शिक्षा तक की सुविधा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि स्वामीजी के मार्गदर्शन में स्थापित श्री सिद्धगंगा अस्पताल आम जनता को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है। राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि श्री सिद्धगंगा मठ समकालीन युग में सेवा और आध्यात्मिकता की सदियों पुरानी परंपरा को कायम रखते हुए उसे आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपरा में ज्ञान के वरदान को अत्यधिक महत्व दिया जाता है.

# उपराष्ट्रपति ने सुधा मूर्ति की पुस्तक का किया विमोचन



**नई दिल्ली, 1 अप्रैल। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को यहां संसद परिसर के संविधान सदन में राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति द्वारा लिखित पुस्तक टाइड्स ऑफ टाइम- भारत्स हिस्ट्री थ्रू म्यूरल्स इन पार्लियामेंट का विमोचन किया.**

- संसद की भिति चित्रों में दिखी भारत की सभ्यतागत यात्रा

राधाकृष्णन ने पुस्तक की सराहना करते हुए अपने संबोधन में कहाकि इसमें संसद की भित्ति चित्रों की शाश्वत सुंदरता और गहरी प्रतीकात्मकता को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है.

## आज का इतिहास

1679 – मुगल बादशाह औरंगजेब ने अपनी सल्तनत के हिंदुओं पर फिर से जजिया कर लगाया. इस कर को अकबर ने समाप्त किया था.

1849 – ब्रिटिश पंजाब की स्थापना हुई, जिससे पंजाब का भारत में विलय हो गया.

1902 – लॉसएंजिलिस में पहला मोशन पिक्चर थिएटर खुला.

1902 – हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के फनकार बड़े गुलाम अली खां का जन्म.

1912 – टाइटैनिक का सामुद्रिक परीक्षण शुरू.

1933 – भारतीय क्रिकेट के जनक माने जाने वाले रणजीत सिंह का निधन.

# कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है

- 3 महीनों में 145 एफआईआर दर्ज की : केजरीवाल
- लोकप्रियता से घबराकर कार्रवाई की जा रही है

**अहमदाबाद, 1 अप्रैल. अरविन्द केजरीवाल ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए अपने ताज़ा पोस्ट में उन्होंने आरोप लगाया कि गुजरात में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है.**

केजरीवाल के मुताबिक, पिछले तीन महीनों में 145 एफआईआर दर्ज की गई हैं और 160 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने



इसे बीजेपी की बौखलाहट और तानाशाही करार देते हुए कहा कि गुजरात में पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर यह कार्रवाई की जा रही है। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे बड़ा मोड़ तब आया जब आप के राज्य अध्यक्ष इसुदान गढ़वी को भी गिरफ्तार कर लिया गया.

केजरीवाल ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि गुजरात की जनता इस कथित अन्याय का जवाब देगी। इस बयान के बाद राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है और सत्तारूढ़ बीजेपी तथा विपक्षी आप के बीच टकराव और गहरा होता दिख रहा है। गुजरात की राजनीति में इस समय आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने सीधे तौर पर भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोलते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि राज्य में आप के कार्यकर्ताओं के खिलाफ सुनियोजित तरीके से कार्रवाई की जा रही है.

# यह हमारा युद्ध नहीं है, हम इसमें नहीं उतरेंगे : स्टार्मर

**लंदन, 1 अप्रैल. ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने बुधवार को पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि यह ब्रिटेन का युद्ध नहीं है और देश को इसमें शामिल नहीं किया जाएगा.**

उन्होंने होर्मुज़ जलडमरूमध्य को पुन: खोलने पर भी जोर दिया। श्री स्टार्मर ने कहा, यह हमारा युद्ध नहीं है. हम इस संघर्ष में नहीं पड़ेंगे. यह हमारे राष्ट्रीय हित में नहीं है. उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया का संघर्ष अब दूसरे महीने में प्रवेश कर चुका है, जिसके मद्देनज़र सरकार त्वरित कदम उठा रही है. उन्होंने कहा कि ब्रिटेन की



प्राथमिकता तनाव कम करना और क्षेत्र के महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्ग होरमुज जलडमरूमध्य को फिर से चालू कराना है. उन्होंने कहा कि ब्रिटेन में जीवनयापन की लागत को नियंत्रित करने का सबसे प्रभावी तरीका शांति और खाड़ी क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करना है.

# बढ़ते केस के लिए जिम्मेदार सरकार : सुको

## 11 दिन गैरहाजिरी पर बर्खास्तगी गलत

**नई दिल्ली, 1 अप्रैल. देश की सर्वोच्च अदालत ने एक बार फिर केंद्र सरकार के रवैये पर सख्त टिप्पणी की है. अदालत ने स्पष्ट कहा कि देश में लंबित मामलों की बढ़ती संख्या के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार खुद सरकार है, जो छोटे-छोटे मामलों को भी सुप्रीम कोर्ट तक ले आती है.**

यह टिप्पणी एक सीआईएसएफ कांस्टेबल से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान आई, जिसमें 11 दिन की गैरहाजिरी पर उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था. पहले पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट ने इस सजा को अत्यधिक कठोर मानते हुए कांस्टेबल को राहत दी थी और उसे बहाल करने का आदेश दिया



था इसके बावजूद केंद्र सरकार ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, जिस पर अदालत ने नाराजगी जताई. कोर्ट ने कहा कि इस तरह की अपीलें न्यायिक प्रणाली पर अनावश्यक बोझ डालती हैं और गंभीर मामलों की सुनवाई में देरी का कारण बनती हैं. देश की शीर्ष अदालत सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए उसे सबसे बड़ा मुकदमेबाज करार दिया है. अदालत ने कहा कि सरकारी विभागों की आदत बन गई है कि वे हर छोटे-बड़े फैसले को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय तक पहुंच जाते हैं, जिससे न्यायपालिका पर अनावश्यक दबाव बढ़ता है. यह टिप्पणी जस्टिस बी. वी. नागराथ्नाऔर जस्टिस उज्जल भुयान की पीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान की. मामला केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के एक कांस्टेबल से जुड़ा था. जिसे 11 दिन तक बिना सूचना अनुपस्थित रहने के कारण सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था.

## ह्यूस्टन में धूमधाम से मनाया बिहार दिवस

वाशिंगटन, 1 अप्रैल. अमेरिका में टेक्सास प्रांत के ह्यूस्टन स्थित इंडिया हाउस में बिहार दिवस 2026 का आयोजन किया गया. भारतीय वाणिज्य दूतावास की महत्वपूर्ण भागीदारी में बिहार के लोगों ने स्थापना दिवस में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और इसे धूमधाम से मनाया. बिहार फाउंडेशन (टेक्सास चैप्टर), बीएएनए, बीएएएनए और एएमबीयूजे की ओर से आयोजित इस समारोह का मुख्य उद्देश्य आपसी जुड़ाव, बिहार की पहचान को बढ़ावा देना और नए अवसरों को प्रोत्साहित करना था. कार्यक्रम के समन्वय का नेतृत्व ह्यूस्टन स्थित भारतीय वाणिज्यिक दूतावास में काम कर चुके श्री प्रशांत के. सोना और सुश्री यास्मीन आर्या (सीजीआई कार्यालय) ने किया.

# फर्जी बाबा मामले में जांच का दायरा बढ़ा

- महाराष्ट्र में कथित फर्जी बाबा का मामला
- कुछ राजनीतिक हस्तियां संदेह के घेरे में

**नासिक, 1 अप्रैल. महाराष्ट्र में कथित बाबा अशोक खरात से जुड़ा विवाद और गहरा गया है तथा जांच की नयी मांग के बीच दो और राजनीतिक हस्तियां संदेह के घेरे में आ गई हैं.**

इस मामले में पहले से ही महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रूपाली चाकणकर के राजनीतिक करियर को खतरे में है वहीं अब नासिक के पूर्व सांसद



हेमंत गोडसे और सांगोला के पूर्व विधायक दीपक सोलुंके पाटिल की ओर ध्यान खींच रहा है. दरअसल एक वीडियो सामने आया है जिसमें गोडसे कथित तौर पर खरात से भविष्यवाणियां करवाते हुए और हथेली दिखाकर मार्गदर्शन मांगते हुए दिखाई दे रहे हैं।

अंधविश्वास विरोधी समिति ने पुलिस की विशेष जांच टीम से गोडसे से पूछताछ करने का आग्रह किया है, उन पर अंधविश्वास को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। इसके अलावा, सोलुंके पाटिल पर भी खरात के साथ वित्तीय संबंधों के आरोप हैं। उन्होंने हालांकि पहले किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया और दावा किया कि वे बाबा को नहीं जानते, लेकिन एक तस्वीर जिसमें वह कथित तौर पर रूपाली चाकणकर के साथ खरात को वीणा और तुलसी की माला पहनाते हुए दिख रहे हैं, जिससे और भी सवाल खड़े हो गये है। इन घटनाक्रमों ने सोलापुर जिले में राजनीतिक हलचल मचा दी है और मामले की व्यापक जांच की मांग बढ़ रही है.

# जनता ने राजनीतिक कचरा हटाया तो स्वच्छ हुआ यूपी : योगी



**लखनऊ, 1 अप्रैल. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ नगर निगम के कूड़ा प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए 250 इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी वाहनों को हरी झंडी दिखाई.**

विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता ने राजनीतिक कचरा हटाकर बदलाव की जो नींव रखी, उसी का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश आज स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है. मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में अंधेरा, अव्यवस्था और गंदगी का माहौल था. तत्कालीन सरकारों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उस समय सत्ता में बैठे लोगों को रोशनी नहीं, बल्कि अंधेरा पसंद था. उनकी सरकार ने अंधेरे की संस्कृति को समाप्त कर पूरे प्रदेश में एलईडी स्ट्रीट लाइट्स के जरिए आधुनिक और सुरक्षित वातावरण तैयार किया.

### प्रभावित किसानों की फसलों के निरीक्षण के दिए निर्देश

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न क्षेत्रों में हुई बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों की स्थिति का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को तत्काल राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं. मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट तलब करते हुए कहा कि मौसम की मार झेल रहे किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें शीघ्र राहत प्रदान की जाए. मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि फसलों को हुए नुकसान का आकलन कराया जाए और प्रभावित किसानों को समयबद्ध ढंग से मुआवजा उपलब्ध कराया जाए.

पिछले 9 वर्षों में लखनऊ ने स्वच्छता रैंकिंग में देश के शीर्ष 3 शहरों में स्थान बनाया है. उन्होंने कहा कि अब राज्य 'नेट जीरो' लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, जहां कार्बन उत्सर्जन न्यूनतम होगा और हरित विकास को बढ़ावा मिलेगा. उन्होंने कहा कि आज लखनऊ में बेहतर सड़कें, मजबूत कनेक्टिविटी, मेट्रो सेवा और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं. शहर अब डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग और ईवी सेक्टर में भी तेजी से उभर रहा है.

### एक पहचान से मिलेगा सभी योजनाओं का लाभ

**लखनऊ.** उ.प्र सरकार ने किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ सरल, पारदर्शी और एकीकृत तरीके से उपलब्ध कराने के लिए फार्मर रजिस्ट्री को व्यापक स्तर पर लागू करने का निर्णय लिया है. मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रदेश के सभी पात्र किसानों का पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए.



## सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर जोशी के घर पहुंचकर धामी ने जताया शोक

**देहरादून.** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर मुकेश जोशी के घर पर पहुंचकर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी और परिजनों को ढांढस दिया। गौरतलब है कि देहरादून में रोडरेज की घटना के दौरान अराजक तत्वों की फायरिंग में सुबह की सैर पर निकले ब्रिगेडियर जोशी की गोली लगने से मौत हो गयी थी.ट ब्रिगेडियर जोशी के निधन पर उनके जोहड़ी, देहरादून स्थित आवास पहुंचकर श्री धामी ने अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवारजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है. उन्होंने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में शामिल दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि आम जनता की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम बुरहानपुर

निविदा सूचना 2025-26

निविदा सूचना क्र / अग्निशमन शाखा / 2026-27/01 — बुरहानपुर दिनांक : 01/04/2026

नगर पालिक निगम बुरहानपुर द्वारा ऑन लाइन पोर्टल https://mptenders.gov.in टेण्डर आमंत्रित किये जाते है। टेण्डर का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:

| क्र. | टेण्डर आई.डी.नं. | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत रू. लाख में । | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_496447_1 | अग्निशमन शाखा में सामग्री क्रय करने हेतु निविदा । | 12 माह<br>9.50 लाख | 2,000/-<br>9,500/- | 10/04/2026 |

ऑनलाइन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि As per key Date, कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। उपरोक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है, तो वेबसाइट पर ही दिखाई देगा ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम बुरहानपुर

## Chola Enter a better life — चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालय: चोला क्रेस्ट, सुपर बी, सी54 और सी55, 4, थिरु वी का इंडस्ट्रियल एस्टेट, गिण्डी, चेन्नई-600032 टी.एन.

### अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी की सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना। (नियम 8 एवं 9) आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गिरवीदार को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी रखी गई हैं और जिनका प्रतीकात्मक कब्जा चोलमंडालम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उन्हें आगे चोलमंडालम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के रूप में संदर्भित किया जाएगा। सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री "जैसी है, जहां है", "जैसी है, जो है" और "जो कुछ भी उपलब्ध है" के आधार पर ई-नीलामी के माध्यम से की जाएगी। आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट https://bankauctions.in के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

| उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता और गिरवीदार का खाता क्रमांक और नाम | बकाया राशि | अचल संपत्ति का विवरण (सुरक्षित संपत्ति) | आरक्षित मूल्य/ईएमडी /बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| ऋण खाता संख्याः TL01IND00000051295 और TL01IND0000062651. 1. मैसर्स. अंकित ट्रेडर्स, (उधारकर्ता) वार्ड क्रमांक 11, पटवा कॉलोनी, धामनोद मेन रोड, तेहधर्मपुरी, धार, मध्य प्रदेश - 454 552. 2. श्री अंकित पाटीदार, (सह-उधारकर्ता) 3. श्रीमती कोमल पाटीदार, (सह-उधारकर्ता) संख्या 2 और 3 पर निवास कर रहे हैं, मकान नंबर 153, वार्ड नंबर 11, ग्राम धामनोद, पटवा कॉलोनी, दहीवर रोड, आदिनाथ जैन के पास धर्मशाला, बिखरोन, तेह धरमपुरी, धार, मध्य प्रदेश - 454552. | रु. 5,06,07,869/- 13.11.2025 तक | मद संख्या 1ः सर्वे संख्या 423/1, मकान संख्या 25, धामनोद तहसील, धरमपुरी, जिला धार 454552, मध्य प्रदेश में स्थित संपत्ति का संपूर्ण भाग। भूमि रकबा 0.007 हेक्टेयर, 800 वर्ग फुट, 74,969 वर्ग मीटर। सीमाएँः पूर्वः पाटीदार की भूमि, पश्चिमः सड़क, उत्तरः शेष भाग गणेश को बेचा गया, दक्षिणः शेष भाग रणछोड़ को बेचा गया। मद संख्या 2ः सर्वे संख्या 423/7, मकान संख्या 25, वार्ड संख्या 13, दहीवाड़ मार्ग से अंदर कुशवाह कॉलोनी से पटवा कॉलोनी क्षेत्र, धामनोद तहसील, धरमपुरी, जिला धार 454552, मध्य प्रदेश में स्थित संपत्ति का संपूर्ण भाग। भूमि रकबा 0.002 हेक्टेयर। क्षेत्रफल 200 वर्ग फुट (18.587 वर्ग मीटर) श्री रणछोड़ पाटीदार द्वारा अंकित पाटीदार को हस्तांतरित किया गया। निर्मित क्षेत्र का माप 200 वर्ग फुट (18.587 वर्ग मीटर) है। सीमाएँः- पूर्वः राजेंद्रकुमार तिलोकचंद जैन हफल की भूमि, पश्चिमः सड़क, उत्तरः अंकित पाटीदार का घर, दक्षिणः रणछोड़ का घर। मद संख्या 3ः मकान संख्या 27, सर्वेक्षण संख्या 230/1/6, ग्राम-धामनोद, तहसील-धर्मपुरी, जिला-धार (मध्य प्रदेश) का संपूर्ण भाग, कुल भूमि 0.203 हेक्टेयर। सीमाएँः- पूर्वः सड़क, पश्चिमः अंबरम और अन्य की भूमि, उत्तरः भगवान पाटीदार का शेष भाग, दक्षिणः शेष भाग। | ₹ 5,93,87,000/- ₹ 59,38,700/- ₹ 1,00,000/- |

**ई-नीलामी की तिथि और समय: 12.05.2026 - सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक (प्रत्येक बार 3 मिनट का असीमित विस्तार)। ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 11.05.2026 । संपत्ति निरीक्षण की तिथि: नियुक्ति के अनुसार।**

1. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे वेबसाइट https://bankauctions.in और www.foreclosureindia.com पर जाएं। ई-नीलामी से संबंधित जानकारी, सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, इच्छुक बोलीदाता मेसर्स फोरक्लोजर से संपर्क कर सकते हैं (संपर्क व्यक्तिः श्री नितेश पवार, फोन नंबरः 8142000725, ईमेलः nithesh@bankauctions.in)।
2. नियमों और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया https://bankauctions.in/ और https://cholamandalam.com/news/auction-notices पर जाएं और ई-नीलामी में भाग लें या श्री आशीष कुमार पांडा - फोनः 98195 38003 / श्री अमित शर्मा - फोनः 75667 66000 से संपर्क करें।

**यह नियम 8(6), नियम 8 और 9 तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के तहत एक वैधानिक 30 दिन की बिक्री सूचना भी है।**

दिनांकः 02.04.2026
स्थानः धार

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड।

## कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

विद्युत विभाग

E-mail: imcvidhyutvibhag@gmail.com

विज्ञप्ति क्र.: 36/25-26/
ई टेंडर C.E/E&M

**निविदा सूचना**

दिनांक: 31/03/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026-UAD-496140 31-03-2026 | झोन क्र. 06 वार्ड क्र. 22 के अंतर्गत लवकुश सब्जी मण्डी के चौराहे से एच.डी.एफ.सी. बैंक चौराहे तक मुख्य मार्ग पर स्थित विद्युत पोलो को एवं डी.पी. शिफ्ट करने संबंधी कार्य। (तृतीय आमंत्रण) | 2 माह ₹20,04,466/- | ₹5,000/- ₹15,700/- | 15.04.2026 5:30 PM |
| 2 | 2026-UAD-496146 31-03-2026 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 42 के अंतर्गत पालीवाल नगर स्थित मंदिर के पीछे उद्यान में प्रकाश व्यवस्था करने संबंधी कार्य। (सातवा आमंत्रण) | 1 माह ₹5,81,614/- | ₹2,000/- ₹5,900/- | 07.04.2026 5:30 PM |
| 3 | 2026-UAD-496150 31-03-2026 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 49 के महावीर नगर एवं वंदना नगर उद्यानों में आकर्षक प्रकाश व्यवस्था करने संबंधी कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 3 माह ₹28,86,149/- | ₹5,000/- ₹21,700/- | 15.04.2026 5:30 PM |
| 4 | 2026-UAD-496153 31-03-2026 | झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 74 के विभिन्न उद्यानों में नवीन आकर्षक प्रकाश व्यवस्था करने संबंधी कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 2 माह ₹27,90,270/- | ₹5,000/- ₹21,000/- | 15.04.2026 5:30 PM |
| 5 | 2026-UAD-496157 31-03-2026 | झोन क्र. 14 वार्ड क्र.82 के अंतर्गत हवाबंगला तिराहे के सामने एवं गोंदवाले धाम के सामने (02) हाईमास्ट लगाकर प्रकाश व्यवस्था करने संबंधी कार्य।(द्वितीय आमंत्रण) | 1 माह ₹7,61,515/- | ₹2,000/- ₹7,700/- | 07.04.2026 5:30 PM |
| 6 | 2026-UAD-496167 31-03-2026 | झोन क्र. 18 वार्ड क्र. 63 जानकी नगर मा. विधायक तुलसी सिलावटजी के आवास के सामने उद्यान में प्रकाश व्यवस्था करने संबंधी कार्य। (तृतीय आमंत्रण) | 1 माह ₹6,96,443/- | ₹2,000/- ₹7,000/- | 07.04.2026 5:30 PM |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

नगर शिल्पज्ञ
नगर पालिक निगम, इन्दौर